फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर,
36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 09 मई, 2024

## कार्यालय ज्ञापन

विषयः **मत्स्यपालन विभाग द्वारा अप्रैल, 2024 माह के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और अप्रैल, 2024 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/ समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में अप्रैल, 2024 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 01 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में विजन 2047, आगामी पंचवर्षीय योजना और 100 दिनों की कार्य योजना पर सचिवों के क्षेत्रीय समूह (एसजीओएस) 1 (ग्रामीण और कृषि) की बैठक में भाग लिया ।

2. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 02 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से राष्ट्रीय तटीय मिशन पर बैठक की अध्यक्षता की ।

3. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 04 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में विजन 2047, आगामी पंचवर्षीय योजना और 100 दिनों की कार्य योजना पर सचिवों के क्षेत्रीय समूह (एसजीओएस) 1 (ग्रामीण और कृषि) में भाग लिया ।

4. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 04 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में जल संसाधन मंत्रालय के साथ अभिसरण (कनवेरजेंस) पर चर्चा करने के लिए जल संसाधन मंत्रालय के सचिव के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की।

5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 04 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में स्वैच्छिक कार्बन मार्केट्स और मात्स्यिकी क्षेत्र में इसकी प्रासंगिकता पर बैठक की अध्यक्षता की।

6. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 05 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में मात्स्यिकी क्षेत्र में क्लस्टर दृष्टिकोण पर बैठक की अध्यक्षता की।

7. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने संयुक्त आयुक्त (मात्स्यिकी), मत्स्यपालन विभाग के साथ एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और 9 से 11 अप्रैल, 2024 की अवधि के दौरान फैंगचांगगांग, चीन में आयोजित एशिया में ब्लू पोर्ट्स इनिशिएटिव पर क्षमता निर्माण और खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) क्षेत्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय एफएओ के ब्लू पोर्ट्स इनिशिएटिव (बीपीआई) के प्रमुख घटकों पर विचार-विमर्श था, जिसका उद्देश्य समुद्री बंदरगाहों को विशेषज्ञता और सतत आर्थिक विकास के केंद्र में बदलना है। इस एफएओ कार्यक्रम में मुख्य रूप से तकनीकी नवाचारों के साथ बेहतर नीतियों और कार्यक्रमों के विकास पर जोर दिया गया, जो एफएओ ब्लू ट्रांसफॉर्मेशन पहल के साथ सहजता से जुड़ती हैं।

8. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 16 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में विजन 2047, आगामी पंचवर्षीय योजना और 100 दिनों की कार्य योजना पर सचिवों के क्षेत्रीय समूह (एसजीओएस) 1 (ग्रामीण और कृषि) की बैठक में भाग लिया।

9. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 22 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में पंचायती राज मंत्रालय के साथ अभिसरण पर चर्चा करने के लिए सचिव, पंचायती राज मंत्रालय के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की।

10. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 23 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में विजन 2047, आगामी पंचवर्षीय योजना और 100 दिनों की कार्य योजना पर सचिवों के क्षेत्रीय समूह (एसजीओएस) 1 (ग्रामीण और कृषि) की बैठक में भाग लिया।

11. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 25 अप्रैल, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में मात्स्यिकी और जलीय कृषि के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग पर आयोजित प्रथम व्याख्यान श्रृंखला "मत्स्य मंथन" की अध्यक्षता की। "नेचर डॉट्स" के सह-संस्थापक ने "एक्वानर्च डिजिटल ट्विन: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फॉर फिशरीज़" पर एक प्रस्तुति दी।

12. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 26 अप्रैल, 2024 को चंद्र लोक बिल्डिंग, नई दिल्ली में मात्स्यिकी के लिए डिजिटल पहल पर बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

13. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 29 अप्रैल, 2024 को शास्त्री भवन, नई दिल्ली में जनजातीय कार्य मंत्रालय के साथ समन्वय पर चर्चा के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की।

14. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 30 अप्रैल, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से तटीय सुरक्षा एजेंसियों और तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मात्स्यिकी से संबंधित मामलों पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए तीसरी बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सुरक्षा एजेंसियां, अर्थात् राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय सचिवालय (एनएससीएस), गृह मंत्रालय (एमएचए), रक्षा मंत्रालय (एमओडी), भारतीय तट रक्षक (आईसीजी), राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) और तटीय राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के अधिकारी उपस्थित थे।

15. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 15 अप्रैल, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से क्षेत्र 51 के लिए सोफिया विश्लेषण की समीक्षा करने के लिए बे ऑफ बंगाल प्रोग्राम-इंटर गोवेर्न्मेन्टल ओरगनाईज़ेशन (बीओबीपी)/खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में भाग लिया।

16. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 16 अप्रैल, 2024 को साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में सचिव (ईस्ट), विदेश मंत्रालय की अध्यक्षता में 26वीं दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) - भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक (एआईएसओएम) की तैयारी के लिए अंतर-मंत्रालयी बैठक में भाग लिया।

17. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 23 अप्रैल, 2024 को जवाहरलाल नेहरू भवन, नई दिल्ली में सचिव (ईस्ट), विदेश मंत्रालय की अध्यक्षता में बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन के लिए बंगाल की खाड़ी की छठी पहल की तैयारी के संबंध में अंतर-मंत्रालयी बैठक में भाग लिया।

18. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के एक मत्स्यन जहाज ने माह के दौरान भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

19. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) की 77वीं बैठक सीएए के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमर सिंह चौहान की अध्यक्षता में 30 अप्रैल, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल मोड में बुलाई गई थी।

20. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और गोवा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त पंजीकरण और पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 355 आवेदनों सहित 443 आवेदनों पर कार्रवाई की और इनपुट निर्माताओं से एंटीबायोटिक मुक्त एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 77 आवेदन प्राप्त हुए। 655 फर्म्स और हैचरियों में दौरे किए गए और तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटीय जिलों में सीएए दिशानिर्देशों के अनुपालन पर हितधारकों को जागरूक किया गया।

21. केंद्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान/ सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने मछुआरों के आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 5 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 3 नियमित पाठ्यक्रम और 2 अल्पकालिक पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिससे 205 उम्मीदवार लाभान्वित हुए।

22. राष्ट्रीय मात्स्यिकी पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण संस्थान / नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (निफेट) ने 71 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

23. मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायत निपटान 30 अप्रैल, 2024 तक 96% था।

***